वर्ष- 02 अंक- 127
छपरा
28 मार्च, शुक्रवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# राजस्थान की गर्म हवाओं से म.प्र. का पारा 40 डिग्री पार

## हिमाचल और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी होगी; हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका

**नई दिल्ली/भोपाल/जयपुर,एजेंसी।** राजस्थान समेत पश्चिम राज्यों से आ रही गर्म हवाओं ने मध्य प्रदेश का पारा बढ़ा दिया है। बुधवार को प्रदेश के कई हिस्सों में गर्मी का असर देखने को मिला। 6 जिलों में पारा 40 डिग्री पार पहुंच गया। राजधानी भोपाल में इस सीजन में पहली बार तापमान 38.8 डिग्री पर पहुंचा, जो सामान्य से 3.3 डिग्री अधिक है।इधर राजस्थान में भी बुधवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। हालांकि, एक्टिव पश्चिमी विक्षोभ के चलते सीमावर्ती जिलों में तेज आंधी के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जिससे तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने आज गुरुवार को जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया है। वहीं, दिल्ली-हरियाणा समेत 10 राज्यों में तूफान की आशंका है। इन राज्यों में 30-40 KM की रफ्तार से हवा चल सकती है। हल्की बारिश भी हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में गर्मी रहेगी।

इस साल 10-12 दिन हीटवेव का अलर्ट, हरियाणा-पंजाब पर असर मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल उत्तर-पश्चिम भारत के राज्यों में हीटवेव के दिनों की संख्या लगभग दोगुनी रहेगी। इन राज्यों में पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के नाम हैं। आमतौर पर यहां हीटवेव 5-6 दिन चलती है, इस बार 10-12 दिन चल सकती है। मौसम वैज्ञानिक सोमा सेन रॉय ने कहा- पश्चिमी भारत और मध्य भारत में सामान्य से थोड़े अधिक हीटवेव की स्थिति रहने की आशंका हैं। साल 2024 में देश में सबसे ज्यादा गर्म साल दर्ज किया गया था। 28 फरवरी को मौसम विभाग ने मार्च से मई 2025 के लिए हीट आउटलुक जारी किया था। इसमें चेतावनी दी गई थी कि देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहेगा।

### देश के हीटवेव प्रोन स्टेट में 13 राज्य शामिल

आमतौर पर देश के 13 प्रदेशों को हीटवेव प्रोन स्टेट माना जाता है। इस लिस्ट में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ , दिल्ली, पश्चिम मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र में विदर्भ, गंगा के तटवर्ती पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्से, तटीय आंध्र प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं। आमतौर पर कोर हीटवेव जोन यानी ष्ट।। में मार्च से जून तक भीषण गर्मी पड़ती है। कई बार जुलाई महीने में भी हीटवेव और लू चलने की आशंका रहती है।

### जम्मू के कठुआ में सेना-आतंकियों के बीच एनकाउंटर जारी सुरक्षाबलों ने 4-5 आतंकियों को घेरा



**जम्मू,एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में गुरुवार की सुबह से सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है। डीएसपी धीरज सिंह समेत चार पुलिसकर्मियों को गोली लगी है, जिन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और ऑपरेशन जारी है। जुठाना इलाके में 4-5 आतंकियों के छिपे होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया, इस दौरान फायरिंग शुरू हो गई। इससे पहले सोमवार को कठुआ के हीरानगर सेक्टर में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई थी। तब आतंकियों ने एक बच्ची और उसके माता-पिता को पकड़ लिया था। मौका मिलने पर तीनों आतंकियों के चंगुल से भाग निकले थे। इस दौरान बच्ची की मामूली चोटें आई थीं। आतंकी भी भाग निकले थे।

### पटना के पुराने म्यूजियम में भीषण धमाका, दीवारों में आयी दरार,दरवाजा चकनाचूर

**पटना,एजेंसी।** पटना के सचिवालय थानाक्षेत्र के पीछे स्थित पुराने पटना म्यूजियम में गुरुवार को भीषण धमाका हुआ है। धमाका के बाद यहां अफरातफरी मच गई। धमाका इतना जोरदार था कि उसकी आवाज आसपास के इलाके में काफी दूर तक गूंजी। धमाके से दीवारों में दरार आ गई और शीशे के दरवाजे भी चकनाचूर हो गए। बताया जा रहा है धमाका यहां रखे पुराने अग्निशमन के सिलेंडरों में हुआ। इसका प्रभाव काफी ज्यादा रहा जिससे इसकी जद में आने वाली दीवार और दरवाजे क्षतिग्रस्त हो गये। पुराने पटना म्यूजियम में कई तरह के निर्माण कार्य होते रहते है। यहीं म्यूजियम के अंदर ही फायर एक्सटिंग्विशर फटने से तेज धमाका हुआ है।

### कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को बुलाया

**मुंबई,एजेंसी।** महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के पैरोडी सॉन्ग के बाद विवादों में घिरे कॉमेडियन कुणाल कामरा को पुलिस ने 31 मार्च को पूछताछ के लिए बुलाया है। पुलिस अब तक उन्हें दो समन जारी कर चुकी है। उधर, अपने वीडियो में मिस्टर इंडिया फिल्म के गाने पर पैराडी करने की वजह से कुणाल को टी-सीरीज ने कॉपीराइट नोटिस भेजा है। खुद कुणाल ने X पर यह जानकारी दी। उन्होंने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर तंज कसते हुए कहते हैं मुझको हवा हवाई... गाने पर पैरोडी सॉन्ग गाया था।

## जज कैश केसः वकीलों की टीम से मिले जस्टिस वर्मा

● जांच कमेटी के सामने इसी हफ्ते पेशी संभव; घर में आग लगी, तब सतपुड़ा घूम रहे थे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर जले हुए नोटों के बंडल मिलने के मामले में 26 मार्च को सुप्रीम कोर्ट की बनाई इन-हाउस कमेटी पुलिस को लेकर जज वर्मा के बंगले पर पहुंची। कमेटी मेंबर करीब 30-35 मिनट तक जस्टिस वर्मा के घर के अंदर रहे। इधर, जस्टिस वर्मा ने इन-हाउस जांच समिति के समक्ष पेश होने से पहले बुधवार को सीनियर वकीलों से मुलाकात की। दरअसल, जस्टिस वर्मा अपना फाइनल जवाब तैयार कर रहे हैं, यही आगे की कार्रवाई का आधार बनेगा। जांच कमेटी के सामने उनकी पेशी इसी हफ्ते हो सकती है। सूत्रों के मुताबिक इनमें एडवोकेट सिद्धार्थ अग्रवाल, अरुंधति काटजू, तारा नरूला, स्तुति गुर्जर और एक अन्य जस्टिस वर्मा के घर पहुंचे। उन्होंने जांच समिति के सामने दिए जाने वाले जवाबों को फाइनल करने में मदद की।

जस्टिस यशवंत वर्मा 14 मार्च की रात सतपुड़ा नेशनल पार्क के मढ़ई क्षेत्र में पत्नी संग ठहरे थे। सूचना मिलते ही वे अगले दिन भोपाल के लिए रवाना हुए। फिर दिल्ली चले गए। उनके 15 मार्च तक रुकने का कार्यक्रम था।

जस्टिस वर्मा के घर में 14 मार्च को होली के दिन आग लग गई थी। फायर सर्विस की टीम जब उसे बुझाने गई तो स्टोर रूम में उन्हें बोरियों में भरे 500-500 रुपए के अधजले नोट मिले थे।

### ओडिशा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प

# लाठियां बरसाई, वाटर कैनन छोड़े 14 विधायकों के निलंबन पर पार्टी का प्रदर्शन

**भुवनेश्वर,एजेंसी।** ओडिशा में कांग्रेस ने अपने 14 विधायकों के निलंबन के विरोध में गुरुवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया। विधानसभा घेरने के लिए कार्यकर्ता विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे। इस दौरान पुलिस से उनकी झड़प हुई।

दरअसल 25 मार्च को सदन की कार्यवाही बाधित करने के आरोप में कांग्रेस के 12 विधायक निलंबित कर दिए गए थे। निलंबन के बावजूद कांग्रेस सदन के वेल में प्रदर्शन करते रहे। बाद में विधानसभा के बाहर महात्मा गांधी मार्ग पर विधायकों ने रात बिताई।

वहीं, कांग्रेस कार्यकर्ता 26 मार्च को प्रदर्शन करते हुए विधानसभा की बढ़े तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इसके बाद जमकर धक्का-मुक्की हुई। सदन के



भीतर कांग्रेस के बचे हुए दो विधायकों तारा प्रसाद बाहिनीपति और रमेश जेना ने इस मुद्दे पर प्रदर्शन किया। दोनों विधायक सदन की वेल में आकर प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद स्पीकर ने उन्हें भी निलंबित कर दिया। इसके बाद आज कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा घेराव के लिए मार्च निकाला। उन्हें रोकने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

### सपा सांसद के आवास पर हमले के मुद्दे पर राज्यसभा में हंगामा, विपक्ष ने सदन से किया वॉकआउट



**नई दिल्ली,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर हुए हमले के मुद्दे पर संसद में भी आज खूब हंगामा हुआ। इस मुद्दे पर पूरा विपक्ष एकजुट हो गया। दरअसल विपक्ष सपा सांसद के आवास पर हमले को लेकर चर्चा की मांग कर रहा था, लेकिन जब राज्यसभा सभापति ने इस मुद्दे पर चर्चा की मंजूरी नहीं दी तो विपक्षी नेताओं ने इस पर नाराजगी जताई और सदन से वॉकआउट किया। सपा सांसद रामजी लाल सुमन ने हाल ही में संसद में राणा सांगा को लेकर विवादित बयान दिया था, जिसके बाद बुधवार को करणी सेना के सदस्यों ने आगरा स्थित रामजी लाल सुमन के आवास पर हमला किया।

**क्या हुआ, जिससे विपक्षी सांसद हुए नाराज** :सपा सांसद रामजी लाल सुमन और जावेद अली ने इस मुद्दे को लेकर राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव दिया और इस पर चर्चा की मांग की। हालांकि शून्यकाल के दौरान राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने प्रस्ताव पर चर्चा की मंजूरी नहीं दी। राज्यसभा सभापति ने ये जरूर कहा कि शून्य काल के दौरान सदस्य इस मुद्दे को उठा सकते हैं। इससे सपा के सदस्य नाराज हो गए और विरोधस्वरूप में वेल में आ गए। प्रदर्शन के बीच सदन में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बोलने की कोशिश की, लेकिन उन्हें भी बोलने का अवसर नहीं दिया गया। इसके बाद भाजपा सदस्यों ने नारेबाजी शुरू कर दी और राणा सांगा जिंदाबाद के नारे लगाए।

**एकजुट विपक्षी सांसदों का सदन से वॉकआउट** :इसके बाद पूरा विपक्ष एकजुट हो गया और सपा के साथ ही कांग्रेस, टीएमसी, सीपीआई, सीपीआई-एम और कई अन्य राजनीतिक दलों के सांसदों ने सदन से वॉकआउट किया। हालांकि बीजद और वाईएसआरसीपी के सांसद अपने स्थानों पर बैठे रहे। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर बुधवार को करणी सेना के सदस्यों ने हमला किया। यह हमला रामजी लाल सुमन द्वारा राजपूत राजा राणा सांगा पर विवादित टिप्पणी के खिलाफ किया गया। रामजी लाल सुमन ने हाल ही में संसद में अपने एक बयान में कहा था कि राणा सांगा एक गद्दार थे, जो इब्राहिम लोदी को हराने के लिए बाबर को भारत लेकर आए।

### राहुल के बचाव में उतरे वाड्रा; बोले- हमें सिखाया गया है कि आस-पास के लोगों का सम्मान कैसे करें?



**नई दिल्ली,एजेंसी।** व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा ने संसद में व्यवहार से जुड़े विवाद के बीच राहुल गांधी की तारीफ की है। कांग्रेस सांसद और राहुल की छोटी बहन प्रियंका गांधी के पति वाड्रा ने राहुल को आम लोगों की आवाज बताया है। उन्होंने कहा है कि राहुल और प्रियंका के बीच बहुत अच्छा रिश्ता है, जहां एक भाई अपनी बहन को प्यार से बधाई देता है। हमें सिखाया गया है कि अपने परिवार के सदस्यों, महिलाओं और अपने आस-पास के लोगों का सम्मान कैसे करें। हम अपने रिश्तों को बनाए रखने में विश्वास करते हैं। वाड्रा ने कहा, हम भाजपा की तरह नहीं हैं, जो रिश्ते तोड़ते हैं और अपनी शादी को भी नहीं निभा पाते। स्पीकर की ओर से राहुल का पक्ष सुने बिना सदन को स्थगित करना सही नहीं है। भारत के लोग हैरान हैं। वे एक ऐसी संसद चाहते हैं जो अधिक भरोसेमंद हो, न कि एक ऐसी संसद जो आरोप लगाती हो। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहते हैं। बीते दिन लोकसभा में स्पीकर ओम बिरला ने राहुल को नियमों का पालन करने की नसीहत दी थी। इसके बाद उन्होंने सदन से बाहर आकर कहा था कि मैंने तो कुछ भी नहीं किया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने मतुआ संप्रदाय के संस्थापक हरिचंद ठाकुर को उनकी जयंती पर किया याद



**नई दिल्ली,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मतुआ संप्रदाय के संस्थापक हरिचंद ठाकुर को उनकी जयंती पर याद किया और हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान, समानता, करुणा और न्याय को बढ़ावा देने के लिए उनके कार्यों की सराहना की। मोदी ने मतुआ धर्म महा मेला 2025 के लिए अपनी शुभकामनाएं भी दीं। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, श्री श्री हरिचंद ठाकुर को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि। सेवा और आध्यात्मिकता पर जोर देने के कारण वे अनगिनत लोगों के दिलों में बसे हुए हैं। उन्होंने अपना जीवन हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान और समानता, करुणा और न्याय को बढ़ावा देने के लिए समर्पित कर दिया। मैं पश्चिम बंगाल के ठाकुरनगर और बांग्लादेश के ओराकांडी की अपनी यात्राओं को कभी नहीं भूलूंगा, जहां मैंने उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आगे लिखा, ÷मतुआ धर्म महा मेला 2025 के लिए मेरी शुभकामनाएं, जो शानदार मतुआ समुदाय की संस्कृति को प्रदर्शित करेगा। हमारी सरकार ने मतुआ समुदाय के कल्याण के लिए कई पहल की हैं और हम आने वाले समय में भी उनकी भलाई के लिए अथक प्रयास करते रहेंगे। जय हरिबोल।

### वक्फ विधेयक के खिलाफ तमिलनाडु सरकार ने किया प्रस्ताव पारित




**तमिलनाडु,एजेंसी।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने गुरुवार को विधानसभा में वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया। केंद्र सरकार से इसे वापस लेने के साथ कहा कि ये विधेयक अल्पसंख्यक मुसलमानों को बुरी तरह प्रभावित करेगा। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा केंद्र सरकार ऐसी योजनाएं ला रही है जो राज्य के अधिकारों, संस्कृति और परंपरा के खिलाफ हैं। भारत में, विभिन्न संस्कृतियां, परंपराएं और भाषाएं मौजूद हैं। यह वक्फ संशोधन विधेयक मुसलमानों के अधिकारों को नष्ट कर रहा है।

## चारधाम यात्रा 30 अप्रैल से:इस बार रील बनाने वालों की नो एंट्री, पैसे देकर वीआईपी दर्शन भी नहीं कर सकेंगे

**देहरादून,एजेंसी।** उत्तराखंड में 30 अप्रैल से शुरू हो रही चारधाम यात्रा में इस बार वीडियो रील बनाने वालों और यूट्यूबर्स की एंट्री रोकने की तैयारी है। केदारनाथ-बद्रीनाथ पंडा समाज ने तय किया है कि इस बार मंदिर परिसर में इन्हें नहीं आने देंगे। यदि कोई ऐसा करता मिला तो बिना दर्शन उसे लौटा दिया जाएगा। इस बारे में प्रशासन को भी बता दिया गया है।केदारनाथ सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने भास्कर को बताया कि पिछले साल रील बनाने वालों के चलते काफी अव्यवस्था फैली थी। समुद्र तल से 12 हजार फीट ऊपर केदारनाथ धाम में ढोल नगाड़ों का शोर सिर्फ रील बनाने के लिए किया गया था।

यात्रा शुरू होने के बाद 10 से 12 दिन तक पूरी शिवालिक पर्वतमाला में यह शोर गूंजता रहा। यहां की प्रकृति के लिए यह शोर ठीक नहीं है। इसलिए इस बार कैमरा ऑन भी नहीं करने देंगे।



इसी तरह, पैसे देकर VIP दर्शन की व्यवस्था भी धामों पर बंद रहेगी। बद्रीनाथ धाम के पंडा पंचायत के कोषाध्यक्ष अशोक टोडरिया ने कहा है कि पैसे लेकर दर्शन करवाना भगवान की मर्यादा के खिलाफ है।

इस साल 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) से चार धाम यात्रा की शुरुआत होगी। इसी दिन सबसे पहले मां गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट खोले जाएंगे। इसके बाद 2 मई को केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे।

आखिर में 4 मई को विधि-विधान से भगवान बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। इसके साथ ही पूर्ण रूप से चार धाम यात्रा की शुरुआत हो जाएगी।

### केदारनाथ में बर्फ काटकर तैयार हो रहा रास्ता



**रुद्रप्रयाग,एजेंसी।** 2 मई से बाबा केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही यात्रा शुरू हो जाएगी। यात्रा के लिए सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा रहा है। वहीं धाम में अभी भी चारों तरफ भारी बर्फ ही बर्फ नजर आ रही है। गौरीकुंड से केदारनाथ के पैदल मार्ग में बड़े-बड़े ग्लेशियर बने हुए हैं। जहां से केदारनाथ जाने वाले पैदल यात्रियों को गुजरना होगा। **बर्फ काटकर 8 से 10 फीट गहरा रास्ता बनाया जा रहा** : इन हिमखंडो को काटकर लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी रास्ता तैयार कर रहे हैं।

## वर्जिनिटी टेस्ट महिलाओं के अधिकारों का हनन :

# हाईकोर्ट बोला- ये मांग असंवैधानिक, कैरेक्टर पर शक के कारण पति ने लगाई थी याचिका

**बिलासपुर,एजेंसी।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट कराने की मांग को महिलाओं की गरिमा के मौलिक अधिकारों का हनन बताया है। टेस्ट की मांग को असंवैधानिक बताते हुए पति की याचिका खारिज की गई है। दरअसल, पति अपनी पत्नी के कैरेक्टर पर शक करता था। वहीं पत्नी ने पति पर नपुंसक होने का आरोप लगाया। जिसके बाद पति ने पत्नी की वर्जिनिटी टेस्ट की मांग की और मामला हाईकोर्ट तक पहुंचा।

जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर पति खुद पर लगे आरोपों को गलत साबित करना चाहता है, तो वह अपना मेडिकल परीक्षण करा सकता है। लेकिन पत्नी पर



ऐसा आरोप थोपना अवैधानिक है।

**जानिए क्या है पूरा मामला** : रायगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक की शादी 30 अप्रैल 2023 को हिंदू रीति रिवाज से हुई थी। विवाह के कुछ दिनों तक पति-पत्नी के बीच संबंध ठीक रहा। लेकिन, कुछ महीने बाद ही पति-पत्नी के बीच विवाद शुरू हो गया। जिसके बाद पति-पत्नी अलग रहने लगे।

**भरण-पोषण के लिए पत्नी पहुंची फैमिली कोर्ट** :इस बीच महिला जुलाई 2024 में रायगढ़ फैमिली कोर्ट पहुंचकर पति से भरण-पोषण के लिए 20 हजार रुपए प्रतिमाह देने के लिए याचिका लगाई। पत्नी ने यह आरोप भी लगाया कि उसका पति नपुंसक है, जिसके कारण वह शारीरिक संबंध बनाने में सक्षम नहीं है। उसे और परिवार वालों को धोखे में रखकर शादी की गई। वहीं, पति ने आरोप लगाया कि पत्नी का उसके बहनोई से अवैध संबंध है। दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद फैमिली कोर्ट ने पति की दलील को खारिज कर दिया। यह मामला अभी लंबित है।

### फैमिली कोर्ट के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील

इधर, फैमिली कोर्ट ने पति के वर्जिनिटी टेस्ट की मांग को खारिज कर दिया। इसके खिलाफ उसने हाईकोर्ट में अपील की थी। जिस पर हाईकोर्ट ने टिप्पणी की है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले का दिया हवाला

हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के दो फैसलों का हवाला दिया, जिसमें शैलेन्द्र कुमार राय (2022) के केस में सुप्रीम कोर्ट ने टू फिंगर टेस्ट को अवैध और पीड़िता के अधिकारों के खिलाफ बताया था। वहीं, सीबीआई बनाम सिस्टर सेफी के केस में दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला आरोपी की वर्जिनिटी टेस्ट कराने को असंवैधानिक करार दिया है।

**हाईकोर्ट ने कहा- मौलिक अधिकार की रक्षा सर्वोपरि** :हाईकोर्ट ने अपने फैसले में फैमिली कोर्ट के आदेश को सही ठहराते हुए पति की याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही कहा है कि पत्नी के मौलिक अधिकारों की रक्षा करना सर्वोपरि है। कोर्ट ने दोहराया कि व्यक्तिगत स्वतंत्रता और गरिमा संविधान द्वारा संरक्षित अधिकार हैं, जिन्हें छीना नहीं जा सकता। संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) के खिलाफ है। हाईकोर्ट ने इस केस में फैमिली कोर्ट के आदेश को भी सही ठहराया है।

# सांसद ने रामजानकी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण में अधिगृहित भूमि का उचित मुआवजा दिलाने की रखी बात

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** प्रस्तावित रामजानकी राष्ट्रीय राजमार्ग के अंतर्गत बिहार में मेहरौना-सिवान-मसरख सड़क निर्माण के लिए किसानों की अधिग्रहित भूमि का उचित मुआवजा दिलाने के संबंध में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने मुलाकात की। इस दौरान किसानों को उनकी भूमि का न्यायसंगत मुआवजा दिलाने को लेकर विस्तार से चर्चा हुई।मुलाकात के दौरान महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के साथ पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा भी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों की समस्याओं व मुआवजे से संबंधित विषयों को मंत्री के समक्ष रखा और जल्द से जल्द उचित कार्रवाई की मांग की।

बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने इस विषय पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया। किसानों को उचित मुआवजा दिलाने के लिए सरकार हर संभव प्रयास करेगी। ताकि उनकी भूमि का सही मूल्यांकन हो सके।



## सोनपुर में सोने का चेन झपट्टा मार लूटेरा फरार

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर हरिहरनाथ थाना क्षेत्र में चेन स्नेचिंग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। झपट्टा मार गिरोह के दो बदमाशों ने एक बार फिर दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। सोनपुर रेल मंडल में कार्यरत महिला रेलवे टेक्नीशियन आरती कुमारी के गले से 10 ग्राम की सोने की चेन झपटा मार कर बाइक सवार बदमाश फरार हो गया. पीड़िता ने हरिहरनाथ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि वह माइक्रोवेव रेलवे कॉलोनी में रहती हैं और रोज की तरह रेलवे अधिकारी क्लब की ओर टहलने निकली थीं। तभी अचानक पीछे से आए दो बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनकी चेन छीन ली और तेज रफ्तार में भाग निकले। जब तक वह कुछ समझ पाती, बदमाश आंखों से ओझल हो चुके थे।सोनपुर में यह पहली घटना नहीं है। हाल ही में पंजाब नेशनल बैंक के पास भी इसी तरह की घटना हुई थी, जहां गोपाल सिंह क़े पत्नी के गले से सोने की चेन झपट ली गई थी। उस मामले में सीसीटीवी फुटेज में बदमाशों की तस्वीरें कैद हो गई थीं।लगातार हो रही इन घटनाओं से सोनपुर में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि झपट्टा मार गिरोह के सदस्य बेहद सक्रिय हो गए हैं और महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और बदमाशों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है।

## सोनपुर क़े अवर न्यायाधीश और रेलवे मजिस्ट्रेट को दी गई विदाई

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय सोनपुर के अवर न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार एवं सोनपुर के रेलवे मजिस्ट्रेट डा. जीशान चांद के स्थानांतरण पर न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ता संघ ने उन्हें अंग बस्त्र व फूल मला पहनाकर विदाई दी। इस अवसर पर अवर न्यायाधीश प्रथम मनीष कुमार, मुंसिफ रवि रंजन, एपीओ विजय वीर, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष डा. नवल कुमार सिंह, महासचिव अभय कुमार सिंह, अधिवक्ता अशोक कुमार सिंह, रमेश कुमार सिंह, सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य अधिवक्ता आदि मौजूद थे।

## संढ़वारा में भयंकर आग लगी बांस का कोठी और पेड़ जला

**दैनिक खोज खबर/।इसुआपुर।** थाना क्षेत्र के संढ़वारा गांव में गुरुवार को ग्यारह बजे के आसपास भयंकर आग लगी. जिसमें कई बांस की कोठी और पेड़ जल गये. स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल सका है. किसी असामाजिक तत्वों की करतुत बताई जा रही है। स्थानीय अंकित कुमार,सुधांशु तिवारी, अरमान अंसारी, धुरेन्दर कुमार साह, भदई प्रसाद तथा अन्य ने बताया कि कड़ी मेहनत मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। वहीं स्थानीय लोगों के द्वारा फायर बिग्रेड गाड़ी को फोन कर बुलाया गया.काफी मस्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग से भदई प्रसाद का दो बांस का कोठी, चंदेश्वर तिवारी का छः बांस का कोठी तथा पांच निम का पेड़ जल गया। वही आजाद अंसारी के दो बांस का कोठी दो निम, करुअईनी का पेड़ के साथ खेत में लगा सब्जी जल गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर समय से आग को नहीं बुझाई जाती तो आग भयंकर रूप धारण कर पूरे गांव को अपने चपेट में ले लेता।

## परसागढ़ बाजार में 40 पीस अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देश पर एकमा थाना पुलिस ने परसागढ़ बाजार स्थित स्व. अशोक पटेल के घर पर छापेमारी कर 40 पीस (180 एमएल) ऑफिसर्स चॉइस अंग्रेजी शराब बरामद की। इस दौरान पुलिस ने नितीश कुमार को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

## एकमा में तेज पछुआ हवाओं के बीच चंवर में लगी आग, दमकल कर्मियों व ग्रामीणों ने पाया काबू




**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** तेज पछुआ हवाओं के झोंकों के बीच गुरूवार को अचानक एकमा थाना क्षेत्र के हरपुर गांव के समीप धूरदेह चंवर व हरपुर चंवर में उगी खर-पतवार में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण करना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना एकमा थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दमकल वाहन को कर्मियों सहित मौके पर रवाना किया। दमकल कर्मियों व ग्रामीणों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है, लेकिन समय रहते आग बुझ जाने से बड़ा हादसा टल गया।

## नयागांव में डिग्री कॉलेज खोलने की मांग, सीएम को लोगो ने सौंपा ज्ञापन

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड क्षेत्र में एक रेलवे कॉलेज था उसमे भी रेल प्रशासन ने 7 रूम में ताला लगा दी जिसके कारण विधार्थियो को पठन पाठन में समस्या उतपन्न हो गया वही दूसरी ओर नयागांव क्षेत्र में डिग्री कॉलेज नहीं रहने क़े कारण प्रखंड क्षेत्र क़े विधार्थियो को सीधे दिघवारा या हाजीपुर पढ़ने क़े लिए जाना पड़ता है. घर से कॉलेज क़े दुरी होने व आये दिन पुरानी गंडक पुल जाम होने क़े कारण पठन पाठन में काफ़ी कठिनाई हो रही है ऐसे में विद्यार्थियों क़े परेशानियों को देखते हुए नयागांव में एक डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग जोर पकड़ रही है। बैठक में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने इस मुद्दे पर गंभीर रूप से चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता पूर्व जिला पार्षद और राजद नेता चंदेश्वर प्रसाद राय ने की। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मुख्यमंत्री से कॉलेज की स्थापना की मांग की जाएगी। जनप्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर आग्रह किया कि नयागांव में डिग्री कॉलेज जनहित में जरूरी है। वही ग्रामीणों का कहना है कि नयागांव और आसपास 20 किलोमीटर के दायरे में कोई डिग्री कॉलेज नहीं है। छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए दूर जाना पड़ता है। इससे समय और संसाधनों की बर्बादी होती है। कई होनहार विद्यार्थी उच्च शिक्षा से वंचित रह जाते हैं। जनप्रतिनिधियों ने बताया कि स्थानीय गूगल सिंह उच्च विद्यालय सह इंटर कॉलेज में डिग्री कॉलेज के लिए पर्याप्त भूमि और भवन उपलब्ध है। सरकार पहल करे तो जल्द कॉलेज की स्थापना हो सकती है। इससे शिक्षा का स्तर सुधरेगा और छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। बैठक में संजीव कुमार चौधरी, मनोज कुमार, लक्ष्मण सनी, नईमुद्दीन अख्तर, अशोक कुमार सिंह, मोहम्मद नूरन, रामविलास राय, दशरथ प्रसाद यादव समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में डिग्री कॉलेज की स्थापना की मांग की। अब देखना होगा कि सरकार इस पर कितना घ्यान देती है और युवाओं को उच्च शिक्षा की सुविधा कब तक मिलती है।

## लक्ष्मी नारायण यज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़, श्रद्धालुओं ने पहुंच कर लिया आशीर्वाद

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** जलालपुर प्रखंड के कोठिया ग्राम स्थित विदेशी ब्रह्म स्थान पर आयोजित 10 दिवसीय लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ रही है। इस अवसर पर श्री त्रिदंडी स्वामी आश्रम, बक्सर से पधारे जगद्गुरु राज गोपालाचार्य जी के प्रवचन एवं दर्शन का लाभ भक्तों को प्राप्त हो रहा है।यज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह हवन-पूजन और पाठ का आयोजन किया जा रहा है। दोपहर और संध्या समय में प्रवचन तथा रात्रि 9ः00 बजे से वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा रासलीला मंचन हो रहा है। साध्वी निकेता त्रिपाठी (वृंदावन, प्रयागराज) और हरेंद्र शास्त्री (अयोध्या) के प्रवचनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हो रहे हैं।इस महायज्ञ में बड़ी संख्या में आम से लेकर कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी पहुंच कर स्वामी परमेश्वराचार्य महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया।मुख्य यजमान मुन्ना सिंह एवं यज्ञ समिति के अध्यक्ष वकील सिंह अपनी पूरी टीम के साथ दिन-रात सेवा में जुटे हुए हैं। वहीं, काशी से आए आचार्यगण दीपक उपाध्याय व अन्य विद्वान अनुष्ठान संपन्न करा रहे हैं।इस अवसर पर धर्म प्रचारक अरुण पुरोहित ने बताया कि विदेशी ब्रह्म स्थान जागृत अवस्था में है और यहां आने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।यज्ञाचार्य परमेश्वराचार्य महाराज ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यज्ञ से वायुमंडल शुद्ध होता है, पर्यावरण संतुलित रहता है और समाज में समरसता एवं भाईचारे की भावना बढ़ती है। सनातन धर्म में यज्ञ के माध्यम से सभी भेदभाव समाप्त होते हैं, क्योंकि इसमें सभी लोग मिलकर यज्ञ भगवान की परिक्रमा करते हैं। उन्होंने कहा कि यज्ञ राष्ट्र की उन्नति एवं समृद्धि के मार्ग को सुदृढ़ करता है।

## कमालपुर में डायल 112 के जवानों की सतर्कता से टला बड़ा हादसा, दुकान में लगी आग से लाखों का नुकसान

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** गड़खा थाना क्षेत्र के कमालपुर एनएच-722 पर गश्त कर रहे डायल 112 के जवानों की सतर्कता से एक बड़ा हादसा टल गया। गश्त कर रहे 112 के बुलेट कर्मियों ने देखा कि हाईवे के किनारे आग लगी हुई है, जो देखते ही देखते भीषण रूप धारण कर रही थी। जवानों ने तुरंत दमकल विभाग को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।



**इटवा में दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान-** वहीं दूसरी ओर इटवा पंचायत में कल रात एक जनरल स्टोर में आग लग गई, जिससे लाखों रुपये की खाद्य एवं पेय सामग्री जलकर राख हो गई। बताया जा रहा है कि दुकान मालिक श्यामदेव सिंह दुकान बंद कर अपने घर गए थे। इसी दौरान अज्ञात असामाजिक तत्वों ने दुकान में आग लगा दी। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना दमकल और स्थानीय थाने को दी। सूचना मिलते ही दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक दुकान में रखा सामान जलकर नष्ट हो चुका था। पुलिस मामले की जांच में जुटी है और अज्ञात आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## मकेर कैतुका लच्छी पैक्स प्रबंधक बने संदीप आनंद

**दैनिक खोज खबर/मकेर।** संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां सारण प्रमंडल छपरा ने अपने एक आदेश के माध्यम से कैतुका लच्छी पैक्स प्रबंधक के पद पर पूर्व के प्रबंधक संदीप आनंद को बरकरार रखा हैं। इन्हें गत दिसम्बर माह में नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने नियम और विभागीय आदेशों का उल्लघंन करतें हुए पैक्स प्रबंधक पद से हटा कर उनके जगह पर एक सहायक पैक्स प्रबंधक को नियुक्त कर दिया था। इसके बाद संदीप आनंद ने स्वयं इसकी शिकायत संयुक्त निबंधक सहयोग समितियां जे आर सारण में एक परिवाद दायर कर उक्त पद पर नियमानुसार पुनः बहाल किए जाने की मांग की।जिसके आलोक में सारण जे आर मशरूम आलम ने इस मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई की। सुनवाई के उपरांत यह पाया गया कि नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष द्वारा पुव के पैक्स प्रबंधक को हटाया जाना नियम के विरूद्ध है। और वह पुनः पुव पैक्स प्रबंधक के पद पर संदीप आनंद को रहनें का आदेश दिया।

## मंत्री ने किया बैंक ग्राहक सेवा केंद्र का उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/मकेर(सारण)।** गुरुवार को बिहार सरकार के प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंटू एवं मुख्य शाखा प्रबंधक राकेश कुमार ने बैंक ऑफ इंडिया ग्राहक सेवा का उद्घाटन फीता काटकर कर किया ।सीएसपी केंद्र का उद्घाटन फुलवरिया शोभेटोला उच्च पथ संख्या 722 के समीप किया ।मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ मंटु सिंह ने कहा कि ग्राहक सेवा केंद्र खुलने से ग्रामीणों को जो छोटे छोटे रकम के लिए लंबी कतार लग़ कर अपनी बारी का इंतजार कर रहे होते थे उससे छुटकारा मिलेगी साथ ही लेनदेन करने में कोई परेशानी नहीं होगी। उद्घाटन समारोह के अवसर पर मुख्य शाखा प्रबंधक राकेश कुमार, पूर्व मुखिया धर्मेंद्र कुमार उर्फ खेदू सिंह बीडीसी संजीव कुमार, उप प्रमुख मैनेजर साह, युवा समाज सेवी सह बीडीसी पिंटू सिंह, लालू कुमार संचालक गुड्डू कुमार सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष रेनू सिंह, मंटु कुमार सिंह ,कमलेश कुमार सिंह ,ललन सिंह, देवनाथ सिंह, पैक्स अध्यक्ष सुदीश कुमार सिंह, बीडीसी बैजू मांझी,रामबाबू सिंह,बैजू मांझी रघुबीर सिंह,गुला मियां सहित अन्य भी उपस्थित रहें।



## फुचटीकला में शराब पीकर हंगामा कर रहे युवक को पुलिस ने भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के फुचटीकला गांव में शराब पीकर शोर मचाने पर पुलिस ने त्रिलोकीनाथ शर्मा के पुत्र धर्मेंद्र शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। स्थानीय लोगों की शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस ने धर्मेंद्र शर्मा को हिरासत में लिया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे जेल भेज दिया।पुलिस ने बताया कि सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर हंगामा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई से क्षेत्र में शराब के अवैध सेवन व शांति भंग करने वालों के खिलाफ पुलिस का कड़ा रुख स्पष्ट हुआ है।

## महानायकों के सन्दर्भ में बोलने से पूर्व इतिहास का अध्ययन कर लेना चाहिए- विवेकानन्द सिंह

**दैनिक खोज खबर/बलिया/छपरा।** गत् 21 मार्च, 2025 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव, राज्यसभा सांसद, रामजीलाल सुमन ने गृह मन्त्रालय के कामकाज के दौरान सदन में कहा कि ÷उप-सभापति जी ! हिंदुस्तान का मुस्लमान तो बाबर को अपना आदर्श नहीं मानता है। वो मोहम्मद साहब को अपना आदर्श मानता है। सूफी-संतो की परम्परा को अपना आदर्श मानता है।.....उप-सभापति जी ! मैं जानना चाहूँगा कि बाबर को कौन लाया था। बाबर को इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा लाया था। तो मुस्लमान तो बाबर की औलाद हैं। तुम गद्दार राणा सांगा की औलाद हो।÷ इसपर पीठासीन उपसभापति, हरिवंश नारायण सिंह ने उन्हें डपटकर बैठने को कहा और संसदीय मर्यादा का पालन करने की हिदायत दी। बाद में सदन की गतिविधि से उक्त विवादित बयान को हटा दिया गया। देखते ही देखते इस विवादित बयान पर विवाद खड़ा हो गया। राजनीतिक दलों और गैर राजनैतिक संगठनों के तमाम कार्यकर्ता सड़क पर उतरकर रामजीलाल सुमन की निंदा कर रहे हैं। ऐसे में देशभर के इतिहासकार, लेखक, कवि और समस्त प्रबुद्धजन माननीय सांसद की तुष्टिकरण की सोच पर अफ़सोस जता रहे हैं।

बहरदोई (हाथरस) निवासी सांसद, रामजीलाल सुमन, एलएलबी पुराने एवम् वरिष्ठ सपाई नेता हैं, लेकिन उनके बयान ने भारतीय इतिहास को कलंकित कर दिया, उनके बयान ने सदन की गरिमा को धूमिल कर दिया, उनके बयान ने भारतवर्ष के मानबिंदु के गौरव को मिट्टी में मिला दिया। उन्हें अपने इस कृत्य के लिए पूरे देश से माफ़ी माँगनी चाहिए और कभी किसी ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में बोलने से पूर्व इतिहास को ध्यान से पढ़ लेना चाहिए। मेवाड़ के अप्रतिम शासक, सिसोदिया राजवंश के महाराणा संग्राम सिंह, यानी राणा सांगा (महाराणा कुम्भा के पौत्र एवं महाराणा रायमल के पुत्र) की बहादुरी के किस्से देशवासी सदियों से सुनते आ रहे हैं। सबने सुना है कि राणा साँगा इतने वीर थे की एक भुजा, एक आँख, एक पैर खोने एवं शरीर पर पड़े अगणित घावों के बावजूद उन्होंने अपना पराक्रम नहीं खोया और ऐसे महान् शासक को माननीय सांसद ने गद्दार कहकर सम्बोधित किया। सांसद द्वारा कही गई बात कि इब्राहिम लोदी को हराने के लिए राणा सांगा ने बाबर को बुलाया था; एक कपोल-कल्पित बात है, क्योंकि राणा सांगा ने 1517 में खतौली (कोटा) के युद्ध में और फिर 1518 में बाड़ी (धौलपुर) के युद्ध में इब्राहिम लोदी को बुरी तरह परास्त किया था। ऐसेमें यह कहना कि स्वयं से दो बार हारे हुए सुल्तान को हराने के लिए राणा साँगा ने बाबर को बुलाया तर्कसंगत बात नहीं लगती है। दूसरी बात यदि राणा सांगा ने बाबर को आमंत्रित किया था, तो



संग्रह चित्र

फिर दोनों में युद्ध क्योंकर हुआ। सर्वविदित है कि साँगा और बाबर के मध्य पहला युद्ध फरवरी 1527 मे बयाना में हुआ, जिसमें क्षत्रिय सेना ने बाबर की सेना को भगा दिया और फिर 17 मार्च, 1527 को दोनों की सेना खानवा में आमने-सामने हुई। इस युद्ध में राणा साँगा घायल हो गए, अतः उन्हें युद्ध के मैदान से हटाकर बसवा (दौसा) ले जाया गया।

यदि राणा ने बाबर को बुलाया होता, तो बाबर द्वारा स्वलिखित जीवनी, तुज़्क-ए-बाबरी (बाबरनामा) में इसका ज़िक्र होना चाहिए था।लेकिन बाबर ने अपनी जीवनी में सांगा के बारे में कुछ और ही लिखा है। बाबरनामा में राणा सांगा का उल्लेख है कि ÷बादशाह लिखते हैं कि जब हम काबुल में थे तो राना ने खैर ख़्वाही से एलची भेजकर यह बात ठहराई थी कि जब बादशाह उधर से दिल्ली तक आजावेंगे तो मैं आगरे की तर्फ़ कूच करूँगा मैंने इब्राहीम को ज़ेर करके दिल्ली और आगरा ले लिया वहाँ तक भी इस हिन्दू को तर्फ़ से कुछ हरकत जाहिर न हुई मगर इसने कई मंजिल बढ़कर खंडार का किला जो मुकन के बेटे हुसेन के कब्जे में था घेर लिया......

इस प्रकरण से पूरा देश बटुली तरह मर्माहत है, इस पीड़ादायक प्रकरण के संदर्भ में दैनिक खोजख़बर के सम्पादक, मनोकामना सिंह का कहना है कि देशवासियों को अपना इतिहास पढ़ना चाहिए, जिससे उनका आत्मबल बढ़ेगा, उन्होंने राणा सांगा का स्मरण करते हुए श्यामनारायण पाण्डेय की पुस्तक हल्दीघाटी की कविता पढ़ी-

सांगा को अस्सी घाव लगे,
मरहमपट्टी थी आँखों पर।
तो भी उसकी असि बिजली सी
फिर गई छपाछप लाखों पर॥

अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच के आजमगढ़ मण्डल प्रमुख, बृजेश सिंह बघेल ने बताया कि ÷आजकल एक प्रचलन चल पड़ा है कि सदन में किसी संवेदनशील विषय पर कुछ बोल दो और फिर मीडिया के सामने आकर कहो कि मेरी मंशा वह नहीं थी, जैसा लोगों ने समझा है।

अखिल भारतीय क्षत्रिय मंच, बलिया के जिला अध्यक्ष, कैप्टन सोहन सिंह ने बताया कि ÷राणा सांगा जैसे देशरक्षक, जिसने इब्राहिम लोदी और बाबर से कई बार युद्ध किया था, को गद्दार कहनेवाले नेता को माननीय कहलाने का कोई अधिकार नहीं है, उनको सदन से निष्कासित कर देना चाहिए। पिपराकलां (बलिया) के प्रवीण प्रताप सिंह ने कहा कि सदन में इस प्रकार की बात करना क्षुद्र मनःस्थिति का परिचायक है, ऐसे सांसदों के विरुद्ध कठोर कदम उठाना चाहिए।

**पता- बलिया, उत्तर प्रदेश।**

# ईद, रामनवमी और चैती छठ को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना परिसर में गुरुवार की शाम ईद, रामनवमी और चैती छठ पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने की। मौके पर इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह समेत पूर्व उप प्रमुख साहेब हुसैन उर्फ टुनटुन समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित हुए। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने कहा कि ईद और रामनवमी भाईचारे का पर्व है, इसे आपसी प्रेम और शांति के साथ मनाना चाहिए। थानाध्यक्ष ने बैठक में मौजूद सभी गणमान्य लोगों से प्रशासन का सहयोग करने तथा किसी भी अप्रिय स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचित करने की अपील की। कहा कि अशांति फैलाने वाले तत्वों पर पुलिस की नजर रहेगी। सभी ने ईद व रामनवमी पर्व को सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की बात कही और प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया। इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह ने कहा कि रामनवमी के जुलूस के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा और बिना अनुमति जुलूस निकालने वालों पर कार्रवाई होगी। बैठक में शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में ईद और रामनवमी जैसे पर्व मनाने को लेकर चर्चा की गई। उपस्थित सरपंचों को ग्राम कचहरी नियमित रूप से चलाने और उनसे जुड़े कानूनों की जानकारी दी।



## सात दिवसीय पशु मेला 30 मार्च से होगी शुरू, बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के डुमरसन शिव मंदिर पर लगने वाला सात दिवसीय पशु मेला इस वर्ष 30 मार्च से प्रारंभ होगा। इसके लिए समिति की बैठक कर मेले को भव्य रूप देने पर विचार-विमर्श हुआ। मंदिर प्रांगण में मेला समिति की बैठक संपन्न हुई, इसमें 15 सदस्यीय समिति को मेले की तैयारी करने की जवाबदारी सौंपी गई। मेला 30 मार्च से प्रारंभ होगा तथा 7 दिवसीय मेले का समापन 6 अप्रैल को होगा। इस दौरान समिति द्वारा अब तक पशु मेले का आयोजन ग्राम पंचायत व मंदिर समिति मिलकर करती थी, लेकिन इस वर्ष से 15 सदस्यीय समिति का गठन व्यवस्था के लिए किया गया है। समिति में गांव के प्रमुख लोगों में से सिकिल सिंह, मनन सिंह, टुनटुन सिंह,मुन्ना राय, विनोद राय, चंद्रमोहन शर्मा, अशोक तिवारी, इंदु तिवारी, अंकित पटेल, रंजन तिवारी समेत अन्य मौजूद रहें।

# समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत का हुआ आयोजन

### पेंशन से संबंधित मामलों के 45 आवेदनों पर हुई सुनवाई

**दैनिक खोज खबर/छपरा(सारण)।** दैनिक खोज खबर/छपरा। वरीय उप लेखा नियंत्रक (पेंशन), महालेखाकार का कार्यालय, बिहार, पटना के निदेशानुसार सारण जिले से संबंधित पेंशन भोगियों के पेंशन लाभ के तत्काल निपटारे और शिकायत के निवारण के लिये आज समाहरणालय सभागार में पेंशन अदालत का आयोजन किया गया।दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बताया गया कि एजी ऑफिस की पहल से जिला प्रशासन के तत्वावधान में पहली बार इस प्रकार से पेंशन अदालत का आयोजन किया गया है। महालेखाकार कार्यालय से शिरकत कर रहे उप महालेखाकार (पेंशन) संजय कुमार सिन्हा ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्ति के साथ ही लोगों का पेंशन चालू हो जाना चाहिये जिससे उनका जीवन सरल बना रहेगा। कुछ स्तरों से अनावश्यक विलंब के कारण पेंशन मिलने में विलंब होता है। अगर समय से सभी आवश्यक प्रपत्र एवं दस्तावेज महालेखाकार कार्यालय में भेज दिये जायें तो ससमय पेंशन प्राधिकार निर्गत हो जायेगा। उन्होंने कहा कि महालेखाकार कार्यालय स्तर से एक माह के अंतर्गत पेंशन प्राधिकार निर्गत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन से संबंधित किसी भी समस्या में संबंधित पेंशनर, संबंधित विभाग(डीडीओ), महालेखाकार कार्यालय, कोषागार एवं बैंक ही पार्टी होते हैं। यह देखना आवश्यक होता है कि जो भी समस्या है उसका कारण क्या है तथा उसके निवारण के लिये किस स्तर से कार्रवाई अपेक्षित है। अगर सही स्तर से समय पर सही कार्रवाई होगी तो समस्या का त्वरित निराकरण हो जायेगा। पेंशन अदालत में बड़ी संख्या में पेंशनर्स शामिल हुये। कुल 45 लोगों ने पेंशन से संबंधित विभिन्न तरह की समस्याओं को लेकर आवेदन दिया। एक एक कर उनकी समस्याओं की सुनवाई की गई। इनमें से एजी ऑफिस स्तर से संबंधित 28 मामले, विभिन्न विभाग स्तर (डीडीओ) से संबंधित 12 मामले तथा बैंकों से सम्बंधित 5 मामले थे। संबंधित विभाग एवं बैंक के पदाधिकारियों को समस्या के निराकरण को लेकर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। इस अवसर पर बंदोबस्त पदाधिकारी संजय कुमार, एजी ऑफिस के वरीय लेखा पदाधिकारी अरविंद प्रसाद सिंह, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में पेंशनर्स उपस्थित थे।

# पानी में डूबने से मौत पर सांसद रूडी के प्रयास से परिजनों को मिला चार लाख का मुआवजा



मुआवजा का स्वीकृति पत्र सौंपते सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह

**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** प्रखंड के टारवा मंगरपाल निवासी सुरेंद्र महतो की पानी में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी से सहायता राशि दिलाने की अपील की। मामले को गंभीरता से लेते हुए रूडी ने अंचल अधिकारी और एडीएम से तत्काल संपर्क किया और जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही। सांसद प्रयास से स्वीकृत 4 लाख रुपये की मुआवजा राशि का स्वीकृति पत्र प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह ने सुरेंद्र महतो के पुत्र बिजय महतो को सौंपा। इस अवसर पर भाजपा नेता सुजीत शर्मा, मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह, संजीत सिंह, लक्ष्मी राय, शिक्षक बिनोद गिरी, विवेक साह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। सभी ने इस सराहनीय पहल के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी का धन्यवाद किया।

## बाल श्रम उन्मूलन विषय पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** श्रमायुक्त, बिहार, पटना एवं जिला पदाधिकारी, सारण के निर्देशानुसार श्रम संसाधन विभाग, छपरा की ओर से बाल श्रम उन्मूलन हेतु प्रचार वाहन (ई-रिक्शा) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर देवेन्द्र कुमार प्रभाकर श्रम अधीक्षक, सारण, नीलम कुमारी, श्रम अधीक्षक सारण, अभिषेक कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, सदर छपरा, मुन्ना कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, गड़खा विकास कुमार, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, जलालपुर, उषा कुशवाहा, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी, बनियापुर, तथा नारायणी सेवा संस्थान के प्रतिनिधि उपस्थित थे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर जागरूकता फैलाना है।प्रचार वाहन के माध्यम से नियोजकों एवं आम मानस को जागरूक किया जा रहा है ताकि उनके द्वारा बाल श्रमिक को नियोजित न किया जाय। बाल श्रमिक को नियोजित करने वाले दोषी नियोजकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाती है तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निदेश के आलोक में 20,000/- (बीस हजार) रूपये प्रति बाल श्रमिक बतौर मुआवजा राशि की वसूली की जाती है। बाल श्रम सभ्य समाज के लिए एक कंलक है। पदाधिकारियों द्वारा शहर में नियोजकों से बाल श्रमिक नियोजित नहीं करने का शपथ-पत्र भी भरवाया गया।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर शीतलपुर डीह को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत मिला नेशनल प्रमाण पत्र

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सुदुर ग्रामीण इलाकों में घर के पास हीं उच्च गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार के लिए स्वास्थ्य विभाग विभिन्न स्तर पर प्रयास कर रहा है। इसी उद्देश्य के साथ आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण किया जा रहा है। सारण जिले के दिघवारा प्रखंड के शीतलपुर डीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर अब राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत राष्ट्रीय स्तर से प्रमाणित हो चुका है। राष्ट्रीय रैंकिंग में इस सेंटर को 90.75 प्रतिशत अंक मिला है। वहीं गर्भावस्था और शिशु देखभाल में 100 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। बता दें कि शीतलपुर डीह आयुष्मान आरोग्य मंदिर को राज्य स्तरीय रैंकिंग में 94 प्रतिशत अंक मिला था। 94 प्रतिशत अंक के साथ राज्य में पहला स्थान मिला था। राज्य स्तर से प्रमाणित होने के बाद नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए अप्लाई किया गया था। जिसके बाद सेंट्रल टीम ने मूल्यांकन किया गया। नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए कम से कम 70त अंक आवश्यक है।

## शतचंडी महायज्ञ के समापन के पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** मांझी प्रखंड के भलुआ बुजुर्ग पंचायत के खानपुर गांव स्थित माँ जगदंबा मंदिर परिसर में शतचंडी महायज्ञ के समापन के बाद बुधवार की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका आनंद लेने के लिए बड़ी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे। बताया जा रहा है कि गायक कलाकारों के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ तो भक्तिभाव से सुमिरन के साथ किया गया, मगर कुछ देर बाद हीं कलाकारों ने गीत व नृत्य में अश्लीलता की हदें पार कर दी। जिसपर दर्शकों के द्वारा भी आपत्ति व्यक्त की गई। कार्यक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल होने की बात सामने आयी है। स्थानीय मुखिया दीपक कुमार मिश्रा ने वायरल एक वीडियो का हवाला देते हुए सारण के एसपी डॉ कुमार आशीष तथा मांझी थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु आईपीएस संकेत कुमार से भोजपुरी गायक अजित हलचल तथा गायक गोलू राजा सहित अन्य दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। मुखिया ने कहा है कि जिस मंच पर पिछले नौ दिनों तक प्रवचन के माध्यम से भक्ति, ज्ञान एवम सत्कर्म एवं श्रद्धालुओं को नैतिक शिक्षा दी गई, उसी मंच पर नृत्य-संगीत में अश्लीलता का प्रदर्शन समाज हित में नही कहा जा सकता।



## नगरा प्रखंड में 12वीं कक्षा में बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित

**दैनिक खोज खबर/नगरा।** भोजपुरिया माटी न्यूज़ एवं भोजपुरिया माटी फाउंडेशन छपरा के द्वारा नगरा प्रखंड में 12वीं कक्षा में बेहतर अंक लाने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। इसके तहत रिया कुमारी एवं रोहित कुमार जो नगर प्रखंड के रामपुर हाई स्कूल के छात्र हैं अच्छा अंक लाने पर भोजपुरिया माटी फाउंडेशन के अध्यक्ष उज्जवल निर्मल जी ने प्रखंड का नाम रोशन करने वाले छात्रों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। रिया कुमारी को विज्ञान संकाय में 451 तथा रोहित कुमार 459 अंक प्राप्त हुए है। वहीं मौके पर अभिभावक एवं पत्रकार मुन्ना कुमार एवं पत्रकार प्रिया सिंह तथा अन्य मौजूद थे।

### बाइक पिकअप की टक्कर में तीन घायल

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर चमरिया गांव अनियंत्रित पिक अप की टक्कर से बाइक सवार तीन युवक गंभीर हालत में इलाज के लिए इमरजेंसी 112 की टीम के द्वारा सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। घायल तीनों मशरक के जजौली गांव में श्राद्ध के भोज में खाना बनाने साटा पर जा रहें थे कि पीछे से अनियंत्रित पिक अप ने टक्कर मार दी। घायल की पहचान इसुआपुर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी प्रभुनाथ साह का 25 वर्षीय पुत्र सितु कुमार,राज कुमार तिवारी का 32 वर्षीय पुत्र रूपेश तिवारी और मोख्तार साह का 18 वर्षीय पुत्र राजू कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने प्राथमिक उपचार किया। घायल के परिजनों ने बताया कि सभी हलुआई हैं साटा पर खाना बनाने जा रहे थे।

# अखण्ड अष्टयाम को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** प्रखंड के भटौरा गांव स्थित बीडीसी प्रतिनिधि अशोक ब्यास के आवास पर आयोजित 24 घंटे के अखण्ड अष्टयाम को लेकर गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं व युवतियां पिला वस्त्र धारण किए हुए शामिल हुई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल से निकली जो कि तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 मुख्य सड़क होते हुए मढ़ौरा गढ़ देवी मंदिर परिसर पहुंची। जहां आचार्य व पंडितों द्वारा विधिवत वैदिक मंत्र उच्चारण के बीच पवित्र जलभरी की गई। पुनः कलश यात्रा यज्ञ स्थल पहुंची जहां विधिवत पूजा अर्चना के बाद 24 घंटे का राम नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। कलश यात्रा में मुख्य रूप से तरैया प्रखण्ड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, डेवढ़ी मुखिया प्रतिनिधि दिलीप कुमार सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि अशोक ब्यास, ग्राम कचहरी सचिव संतोष गुप्ता, नीरज सिंह, एएसआई पप्पू कुमार समेत अन्य लोग शामिल थे।

## 72 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम गुरुवार को सम्पन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** प्रखंड के टेघडा गाँव में आमने सामने स्थित काली माता मंदिर एवम भक्त हनुमान मंदिर परिसर में ग्रामीणों के संयुक्त सहयोग से 72 घण्टे का अखण्ड अष्टयाम गुरुवार को सम्पन्न हो गया। इस अवसर पर मन्दिर परिसर में बृहद भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इससे पहले गायक राम बहादुर सिंह उर्फ हलचल ब्यास,अजय सिंह,पूजन ब्यास तथा सुरेश यादव की गायक मंडलियों ने फिल्मी व पारंपरिक धुनों पर अष्टयाम गाकर श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया। गुरुवार को अखण्ड अष्टयाम की पूर्णाहुति के अवसर पर गायकों ने आकर्षक आरती तथा भजन आदि प्रस्तुत किया। मौके पर राजेश्वर सिंह,रामेश्वर सिंह,प्रमोद सिंह,रंजीत सिंह,राकेश सिंह,धर्मेन्द्र सिंह,सुमन सिंह,त्रिदेवा सिंह तथा गजेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण आदि मौजूद थे।

## इंटरमीडिएट परीक्षा में कोचिंग संस्थान के छात्र-छात्राओं ने किया बेहतर प्रदर्शन

### सफल छात्र-छात्राओं को संस्थान के निदेशक ने दिया बधाई

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** इस बार इंटरमीडिएट परीक्षा में ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है, जो कि बधाई के पात्र हैं। प्रखण्ड के नेवारी गांव स्थित मां गायत्री ट्यूटोरियल कोचिंग संस्थान के छात्रों ने इंटरमीडिएट परीक्षा के परिणाम में एक बार फिर से सफलता का परचम लहराते हुए प्रखण्ड क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है, और क्षेत्र का मान-सम्मान बढ़ाया हैं। इस बार मां गायत्री ट्यूटोरियल कोचिंग संस्थान की छात्रा व पचभिण्डा गांव निवासी पवन कुमार सिंह की पुत्री साक्षी कुमारी ने 463 अंक प्राप्त किया हैं। साक्षी ने इस लक्ष्य प्राप्ति के लिए अपने माता-पिता व गुरु अभिन्दन सर को सफलता का श्रेय बताया है। वह आगे की पढ़ाई कर आईएस ऑफिसर बनने का लक्ष्य रखी हुई है। वही संस्था के निदेशक मुकेश अभिन्दन ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में रहकर आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर बच्चों को समाज के मुख्य धारा में जोड़कर उनके द्वारा सम्पूर्ण शिक्षा से पढ़न-पाठन का कार्य कराया जाता हैं। यही देन है कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे भी अव्वल दर्जा पर आ रहे हैं। वही उनके संस्था के अन्य बच्चे अरविंद कुमार को 451 अंक, अंकित कुमार गुप्ता को 435 अंक, स्वेता कुमारी को 434 अंक, सिमरन कुमारी को 418 अंक, निकेश कुमार को 413 अंक, अंशु कुमारी को 411 अंक, आनन्द गुप्ता को 404 अंक, समेत अन्य दर्जनों छात्र-छत्राएं प्रथम श्रेणी से उतीर्ण हुए हैं। वहीं अपनें संस्थान के सफल हुए सभी छात्र-छात्राओं को शिक्षक मुकेश अभिन्दन ने बधाई दिया है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। वहीं सफल हुए छात्र-छात्राओं को स्थानीय जनप्रतिनिधि व गण्यमान्य लोगों ने बधाई दिया है। बधाई देने वालों में जिला पार्षद हरिशंकर सिंह उर्फ हरि सिंह, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि धनवीर कुमार सिंह विक्कू, मुखिया संघ के अध्यक्ष मुकेश कुमार यादव, शिक्षक नवल किशोर यादव, सुभाष कुमार दूरदर्शी, अर्जुन युवराज, अमित कुमार सिंह, अशोक कुमार, रितेश कुमार, बंगाली सर समेत अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

## अमनौर के युवा इंजीनियर की अहमदाबाद में संदेहस्पत मौत, परिजनों में मचा कोहराम



**दैनिक खोज खबर/अमनौर/ सारण।** एमएलसी प्रतिनिधि के इंजीनियर पुत्र के अहमदाबाद में संदेहास्पद मौत की खबर से परिजनों में चीख पुकार मच गई. घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार एमएलसी ई. सच्चिदानंद राय के अमनौर प्रखंड प्रतिनिधि व थाना क्षेत्र के अपहर गांव निवासी तथा लोजपा (रा) के प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह के 28 वर्षीय इंजीनियर पुत्र अभिमन्यु कुमार सिंह अहमदाबाद के एक कंपनी में कार्यरत था. जो बुधवार की रात अपने डेरे में गले में फंदे से लटका मिला . हालाकि वहां के पुलिस ने खुदकुशी करने की बात बतायी है. इसकी जानकारी वहां के पुलिस पदाधिकारी द्वारा मढ़ौरा डीएसपी को मिली जहां डीएसपी मढ़ौरा द्वारा मृतक के पिता प्रमोद कुमार सिंह को अमनौर थाने में पहुंच शव के फोटो से शिनाख्त करने की बात कही . जिसके बाद प्रमोद कुमार सिंह अमनौर थाना पहुंच मोबाइल पर फोटो देख शव का शिनाख्त किया. प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि बुधवार को ही अपने बेटे से बात हुई थी. सात हजार रुपये की मांग किया था तो मोबाइल से भेज दिया था. मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है कि इस तरह की घटना कैसे घट गई है. वहां के पुलिस द्वारा बताया गया है कि डेरा अंदर से बंद होने दरवाजा खुलवाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिलने पर बगल के लोगों ने पुलिस को सूचना किया जब पुलिस दरवाजा तोड़ कर अंदर गयी तो वह फांसी पर लटका हुआ था. इसके बारे मे वहां पहुंचने के बाद ही कुछ कह सकता हूं . इधर इस घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है. वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।

## दावत-ए-इफ्तार में जुटे सभी धर्मों के लोग, सौहार्द का दिया संदेश



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर।** प्रखंड के डेरनी बाजार स्थित इंदिरा मार्केट में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में राजद कार्यकर्ताओं सहित सभी धर्मों के लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर राजद जिला महासचिव कमलेश राय ने कहा कि रमजान का महीना पवित्र होता है और ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और भाईचारे का संदेश जाता है।प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष तरुण तिवारी ने कहा कि यह इफ्तार गंगा-जमुनी तहजीब का बेहतरीन उदाहरण है और समाज में सौहार्द का संदेश देगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से सभी धर्मों को समान भाव से देखती आई है और आगे भी यही नीति रहेगी।इस अवसर पर मोहम्मद एजाज खान,जाजनंदन राय ,गुलाम गौश लालन कुमार कानन,डॉ. केएन सिंह, लक्ष्मण सिंह, ठेकेदार अर्जुन महतो, नंदलाल साह, विनोद शर्मा सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# लकड़ी नबीगंज :अपराध की योजना बन रहे तीन बदमाश हथियार के साथ गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के पड़ौली चंवर में बुधवार की शाम अपराध की योजना बन रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं उनके पास से पुलिस ने एक पिस्टल, तीन बाइक, दो गोली व तीन मोबाइल भी बरामद किया है। गिरफ्तार बदमाश सारण के पानापुर थाना क्षेत्र के सहबाजपुर निवासी विपिन कुमार, बसंतपुर थाना क्षेत्र के सरेया श्रीकांत निवासी अनूप कुमार, विवेक कुमार व दुकानदार जयप्रकाश यादव है। इस मामले में एसपी अमितेश ने बताया कि 12 मार्च की रात्रि लकड़ी नबीगंज थाना क्षेत्र के सहाजी पट्टी पुल के पास लूट की घटना हुई थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की गई। इस दौरान पाया गया कि एक बाइक सवार पर तीन अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। इस संबंध में 13 मार्च को अज्ञात अभियुक्तों के विरूद्ध थाना कांड संख्या 139/25 दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। अनुसंधान के क्रम में 26 मार्च को गुप्त सूचना मिली कि थाना क्षेत्र के पड़ौली चंवर में कुछ अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अपराध की योजना बनाई जा रही है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थाना की पुलिस टीम उक्त स्थान पर पहुंची। पुलिस को आते देख विपिन कुमार, अनुप कुमार व विवेक कुमार भागने लगे। जिन्हें जवानों के सहयोग से पकड़ लिया गया। जांच के क्रम में उनके पास से तीन बाइक, एक लोडेड पिस्टल ( दो जिंदा गोली ) बरामद किया गया। इसके संबंध में जब पूछताछ की गई तो उनलोगों द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर पकड़े गए तीनों बदमाशों द्वारा 12 मार्च की रात्रि सहाजी पट्टी पुल के पास की गई लूट में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। साथ ही बरामद तीन बाइक में से एक अपाची बाइक को घटना में प्रयुक्त होने के साथ दो अन्य को पूर्व में चोरी करने की बात बताई गई। इसके बाद तीनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर थाना लाया गया। पूछताछ के दौरान उनलोगों ने बताया कि लुटी गई मोबाइल को गोरेयाकोठी थाना क्षेत्र के भिट्ठी बाजार में जयप्रकाश यादव के दुकान पर बेचा गया है। इसके बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार की शाम छापेमारी कर दुकानदार जयप्रकाश यादव को भी गिरफ्तार कर लिया गया तथा उनकी निशानदेही पर लूटी गई मोबाइल को बरामद भी कर लिया गया।

## सांसद ने की जिले में पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने की मांग

**परवेज अख्तर/सीवान।** सांसद विजय लक्ष्मी देवी ने पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी से दिल्ली केंद्रीय सचिवालय स्थित कार्यालय में मुलाकात कर जिलेवासियों के हित में सुचारु ऊर्जा आपूर्ति एवं पेट्रोलियम उत्पादों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने का अनुराध किया है। सांसद ने कहा है कि जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में पेट्रोल पंपों की संख्या कम है। इससे किसानों, व्यापारियों एवं आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने विशेष रूप से जिला के गुठनी, मैरवा, आंदर, जीरादेई, दरौली, हुसैनगंज, लकड़ी नबीगंज, भगवानपुर हाट प्रखंड में नए पेट्रोल पंप की स्थापना करने की मांग की। कहा है कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत लाखों परिवारों को एलपीजी कनेक्शन मिला है, लेकिन उन्हें समय पर गैस भरा सिलेंडर नहीं मिल पाता है। इसके लिए गोरेयाकोठी, बड़हरिया, पचरुखी एवं रघुनाथपुर में नए गैस एजेंसी केंद्र खोलने की बात कही। ताकि उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सुगमता से उचित मूल्य पर घरेलू गैस सिलेंडर मिल सके। साथ ही जिला मुख्यालय समेत महाराजगंज, बड़हरिया, जीरादेई एवं बसंतपुर प्रखंड मुख्यालय में सीएनजी गैस की सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सके, इसके लिए सीएनजी स्टेशन स्थापित करने और पीएनजी सेवा का विस्तार करने की भी मांग की। ताकि लोगों को सस्ती और पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा मिल सके। साथ ही उन्होंने जिले में पेट्रोलियम भंडारण डिपो की स्थापना कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि जिले में एक पेट्रोलियम स्टोरेज डिपो की आवश्यकता है, ताकि ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इससे परिवहन लागत भी कम होगी और आपातकालीन स्थितियों में तेल भंडारण की सुविधा मिलेगी। इसपर केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन देते हुए इन विभिन्न बिंदुओं के संबंध में पहल करने की बात कही।

## दलित बस्ती में अगलगी में पांच घर जले

**भगवानपुर हाट (सिवान)** प्रखंड के बिठुना पंचायत के जुनेदपुर गांव के दलित बस्ती में गुरुवार की सुबह आग लगने से पांच घर जलकर राख में तब्दील हो गए। इस अगलगी की घटना में घरों में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन, बिस्तर समेत अन्य सामान जलकर राख हो गए। घटना की सूचना पर पहुंची अग्निशमन की टीम ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाई। आग लगने के कारण का पता नहीं चल पाया है। बताया जाता है कि गुरुवार को जुनेदपुर दलित बस्ती के कई परिवार के सदस्य मजदूरी करने के लिए कहीं गए हुए थे। तभी घर में आग लग गई। अभी ग्रामीण कुछ समझ पाते पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और देखते ही देखते पांच घरों को अपने आगोश में ले लिया। ग्रामीण अग्निशमन विभाग को सूचना देकर आग बुझाने में जुट गए। वहीं अगलगी की सूचना मिलते ही मुखिया राजेंद्र सिंह, जिला पार्षद व बड़कागांव निवासी फजले अली, मुखिया प्रतिनिधि विकास कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच बचाव कार्य में लग गए और घटना सूचना अग्निशमन विभाग को दी। इस दौरान ग्रामीण जलमीनार के पानी से आग बुझाने में जुट गए। कुछ ही देर में बसंतपुर से अग्निशमन वाहन पहुंची और ग्रामीणों के प्रयास से आग बुझाने में जुट गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। घटना की सूचना मिलते ही सीओ धीरज कुमार पांडेय त्वरित करवाई करते हुए हल्का कर्मचारी मिथुन कुमार को प्रभावित स्थल पर भेज अविलंब जांच प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया है। अग्नि से प्रभावित परिवारों में गोरख राम, विक्रमा राम, संतोष राम, बुधन राम, शिवनाथ राम शामिल हैं। इस अगलगी की घटना में सबसे अधिक नुकसान विक्रमा राम को हुई है। अगलगी की घटना में करीब पांच लाख से अधिक की संपत्ति जलने का अनुमान है। इस घटना के बाद पीड़ितों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आपसी विवाद को ले हुई चाकूबाजी में दो भाई घायल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के सिरसांव में बुधवार की देर शाम पूर्व के विवाद को लेकर हुई मारपीट व चाकूबाजी में चाकू लगने से दो भाई घायल हो गए। घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है। घायलों की पहचान सिरसांव निवासी हरेंद्र प्रसाद के पुत्र पंकज कुमार एवं रवि कुमार के रूप में हुई है। इस मामले में घायल की मां उर्मिला देवी ने थाना में आवेदन देकर आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। आरोपितों में वासुदेव साह, अनिश कुमार, प्रताप कुमार, प्रभात कुमार, सोना देवी एवं रिंकू देवी शामिल हैं। उसने दिए गए आवेदन में बताया है कि उनके पुत्र पंकज कुमार एवं रवि कुमार बुधवार की शाम दरवाजे पर बैठे हुए थे। इस दौरान उक्त सभी आरोपित गाली गलौज करते हुए दरवाजे पर पहुंचे और चाकू व तेज हथियार से प्रहार कर मेरे दोनों पुत्रों को घायल कर दिए। साथ ही घर में घुसकर कुछ सामान भी लेकर चले गए थे।

## जेई टीका से वंचित लाभार्थियों को चिह्नित कर 30 अप्रैल तक किया जाएगा शत-प्रतिशत प्रतिरक्षित

**परवेज अख्तर/सीवान।** जापानी इंसेफेलायटिस रोग के संक्रमण से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका इसका टीकाकरण कराना है। इसको लेकर जिले के 9 माह से 2 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को जेई का दो टीका नीयत अंतराल पर दिया जाता है। उक्त बातें जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. अरविंद कुमार ने यूनिसेफ से सहयोग से आयोजित समीक्षात्मक बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि विगत दिनों राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक के दौरान टीकाकारण को शत प्रतिशत पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा- निर्देश दिया गया था। डीआईओ ने कहा कि जिले में एईएस/चमकी बुखार के संभावित संक्रमण को देखते हुए जेई टीकाकरण के स्तर को सुदृढ़ किये जाने की आवश्यकता है। जेई टीकाकरण के शत प्रतिशत आच्छादन लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर जिलांतर्गत जेई टीका से वंचित छूटे हुए सभी लाभार्थियों को चिह्नित कर आगामी 30 अप्रैल तक शत प्रतिशत पूरा कराना सुनिश्चित किया जाएगा। यूनिसेफ के एसएमसी कामरान अहमद ने बताया कि जेई-एक के तहत 86916 यानी 96 प्रतिशत टीकाकरण किया गया है। जबकि जेई- दो के तहत अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच 94 प्रतिशत टीकाकृत किया गया है।

## डीएम-एसपी से लगाई सुरक्षा की गुहार

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के चक्रवृधि निवासी अशोक कुमार शर्मा ने डीएम- एसपी को आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है। उन्होंने आरोप लगाया है कि आरटीआई के तहत लोक सूचना पदाधिकारी सह प्रधानाध्यापक एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय भगवानपुर हाट से विद्यालय को विभिन्न मदों में पिछले वर्षों में प्राप्त आवंटन तथा अन्य विषयों की सूचना मांगी गई थी। सूचना प्राप्त नहीं होने पर प्रथम अपीलीय प्राधिकार के यहां अपील किया गया था। प्रथम अपीलीय प्राधिकार द्वारा सुनवाई कर 10 दिनों के अंदर सूचना उपलब्ध कराने का आदेश 12 जनवरी, 21 को प्रधानाध्यापक को दिया गया था। लेकिन चार वर्ष बाद भी उनके द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराया गया। इस मामले में राज्य सूचना आयोग में अपील किया। इस मामले में 18 एवं 25 मार्च को सुनवाई हुई है लेकिन अभी आदेश आना बाकी है। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा तरह-तरह की धमकी दिलवाई जा रही है। इस मामले में प्रधानाध्यापक लालबाबू कुमार ने आरोप को निराधार व गलत बताया है।

## बीआरसी में कार्यरत आदेशपाल के नियमित ड्यूटी नहीं करने का आरोप

**आंदर (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी में आदेशपाल के पद पर कार्यरत शशिभूषण प्रसाद पर कुछ कर्मियों ने माह में दो-तीन दिन ड्यूटी करने तथा हमेशा गायब रहने का आरोप लगाया है। इस कारण बीआरसी में तैनात पदाधिकारी व कर्मियों को खुद अपना काम करना पड़ता है। कर्मियों ने बताया कि बीईओ की मिली भगत के कारण आदेशपाल कार्यालय में नहीं आता है तथा हर माह उसके खाते में वेतन चला जाता है। इस संबंध में बीईओ वीरेंद्र प्रसाद केसरी ने आरोप को बेबुनियाद व निराधार बताते हुए कहा कि आदेशपाल बीआरसी में हमेशा आता है, उसकी तबीयत खराब होने के कारण आज नहीं आया है।

## हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त हथियार सहित गिरफ्तार

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना की गश्त दल ने बुधवार की शाम हबीबनगर गांव में छापेमारी कर कांड संख्या 20/2023 के अप्राथमिकी अभियुक्त धर्मेंद्र कुमार यादव को एक कट्टा तथा दो गोली के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के क्रम में धर्मेंद्र यादव ने स्वीकार किया है कि आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने हेतु पकवलिया निवासी जितेंद्र कुमार यादव उर्फ जिम्मी ने उसे हथियार दिया है। धर्मेंद्र के विरुद्ध हुसैनगंज थाना में पूर्व से कांड संख्या 76/11, 123/18, 20/23 एवं 397/24 दर्ज है। जबकि कांड संख्या 111/25 के अंतर्गत जितेंद्र कुमार यादव के विरुद्ध प्राथमिकी करने के बाद धर्मेंद्र कुमार यादव को गुरुवार को जेल भेज दिया गया।

## बसंतपुर - सब्जी व्यवसायी पर बदमाशों ने की फायरिंग, बाल-बाल बचे

**परवेज अख्तर/सीवान।** बसंतपुर थाना क्षेत्र के बरवां खुर्द के समीप गुरुवार की दोपहर एनएच 331 पर बाइक सवार दो बदमाशों ने कार सवार सब्जी व्यवसायी को ओवरटेक कर उनके ऊपर फायरिंग कर दी तथा घटना को अंजाम देने के बाद मोहम्मदपुर की ओर फरार हो गए। इस घटना में सब्जी व्यवसायी बाल-बाल बच गए तथा उनकी कार का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित सब्जी व्यवसायी महाराजगंज थाना क्षेत्र के बालबंगरा निवासी रामाजी प्रसाद बताया जाता है। बताया जाता है कि सब्जी व्यवसायी रामाजी प्रसाद अपनी कार से मदारपुर की ओर से घर लौट रहे थे। तभी एक बाइक पर सवार दो बदमाश उनके कार को ओवरटेक किए और अंधाधुंध फायरिंग करनी शुरू कर दी। फायरिंग के क्रम में लोगों को आता देख बदमाश मोहम्मदपुर की ओर फरार हो गए। इस घटना में सब्जी व्यवसायी रामाजी प्रसाद बाल-बाल बच गए। इस दौरान उनकी कार का दाहिने साइड का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी।

## गणित ओलंपियाड में शिष्या पब्लिक स्कूल के 14 बच्चों को मिला गोल्ड मेडल

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** शहर के जेपी चौक स्थित शिष्या पब्लिक स्कूल के बच्चों ने एसओएफ इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड 2024-25 में अपनी मेधा का परचम लहराते हुए कुल 14 स्वर्ण पदक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। गोल्ड मेडल हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय परिवार ने उनका उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। जानकारी के अनुसार गणित ओलंपियाड के गोल्ड विजेताओं में कक्षा एक से आरव कुमार, मनस्वी वैदिका व प्रणव राज, कक्षा दो के रेयांश राज, शिवम व स्वर्णी कुमारी, कक्षा तीन से शिवांश रंजन, हार्दिक व मिस्टी जायसवाल, कक्षा चार की पारुल, परिणीति, आर्या पटेल व सौम्या श्रेष्ठ एवं कक्षा पांच के रूद्र प्रताप शामिल हैं। वहीं साइंस ओलंपियाड में भी कक्षा पांच के मनीष कुमार को गोल्ड मेडल मिला है। प्राचार्या नीलम वर्मा ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर पुरस्कृत किया और कहा कि काफी गर्व की बात है कि इस विद्यालय के बच्चे इंटरनेशनल ओलंपियाड में भी मेधा का परचम लहरा रहे हैं। निदेशक आभास वर्मा ने इन बच्चों को आगे भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।

## आग से सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने किया माकड्रिल

**बसंतपुर (सिवान)।** आग से सुरक्षा को लेकर अग्निशमन विभाग की टीम की ओर से जिले के लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान लोगों से आग से कैसे सुरक्षित रहे और ऐसे समय में लोगों को कैसे आगजनी से बचाया जाए, इसको लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को अनुमंडल अग्निशमन पदाधिकारी वीरेंद्र प्रसाद यादव के आदेशानुसार बसंतपुर क्षेत्र के लोगों के बीच जागरुकता अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से आग से कैसे सुरक्षित रहें और ऐसे समय में लोगों को कैसे आगजनी से बचाया जाए, इस संबंध में माकड्रिल कर बताया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की झुग्गी-झोपड़ियों में आग लगने पर उन्हें क्या करना चाहिए, कैसे सावधानी बरतनी चाहिए इन सभी बातों से भी अवगत कराया गया। अग्निशमन कर्मियों नें लोगों से अपील किया कि अग्निकांड से बचने का हर संभव प्रयास करें, किसी एक की लापरवाही का खामियाजा पूरे समाज को भुगतना पड़ सकता है। सभी अपने-अपने घर में अग्निशमन विभाग का नंबर जरूर रखें. ताकि किसी भी प्रकार का हादसा होने पर विभाग को मौके पर सूचना दें ताकि अग्निशमन वाहन तुरंत पहुंच सके। इस मौके पर कर्मी सुनील कुमार पासवान, सुबोध कुमार, धीरज कुमार सिंह आदि अग्निशमन कर्मी मौजूद थे।

## महाराजगंज-हर्ष फायरिंग का वीडियो प्रसारित होने पर पूर्व मुखिया सहित एक अन्य पर प्राथमिकी

**परवेज अख्तर/सीवान।** महाराजगंज थाना क्षेत्र के भगौछा निवासी पूर्व मुखिया एवं वर्तमान मुखिया पति सुनील राय के भाई रंजय राय के पुत्र के छठिहार समारोह में हर्ष फायरिंग का एक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित होने के बाद मामले में प्राथमिकी कराई गई है। मामले में थाना में पदस्थापित एएसआई अमरेंद्र कुमार ने आवेदन देकर पूर्व मुखिया सहित एक अन्य को आरोपित किया है। आवेदन में बताया है कि एक जनवरी 2025 को तक्कीपुर पंचायत के पूर्व मुखिया सह वर्तमान मुखिया पति सुनील राय के भाई के पुत्र का छठिहार समारोह में हर्ष फायरिंग की गई थी। जिसका वीडियो भी प्रसारित किया गया था। जिसमें साफ तौर पर देखा गया है कि नर्तकियों संग एक व्यक्ति द्वारा नाच गाना के दौरान हवाई फायरिंग की जा रही है।

## सराय थाना-केशव हत्याकांड मामले में मुखिया सहित तीन गिरफ्तार

**परवेज अख्तर/सीवान।** सराय थाना क्षेत्र के पपौर गांव में बुधवार को भूमि विवाद को लेकर हुई चाकूबाजी में केशव तिवारी की मौत हो गई थी। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस मामले में एसपी अमितेश कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच की। त्वरित कार्रवाई करते हत्याकांड में नामजद आरोपी मुखिया सहित तीन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों में मुखिया मिंटू तिवारी, पपौर निवासी उर्मिला देवी और नीतीश तिवारी उर्फ विजेंदु शामिल हैं। इस दौरान एएफएसएल की टीम ने भी घटना की जांच की। इस मामले में मृतक के छोटे भाई राज मंगल तिवारी ने 10 लोगों के विरुद्ध नामजद प्राथमिक कराई है। मृतक के भाई ने बताया है कि अवध किशोर तिवारी, कमलेश्वर तिवारी, कन्हैया तिवारी, उज्जवल तिवारी, बृजेंद्र तिवारी, ललन तिवारी, प्रदीप तिवारी, मिंटू तिवारी, मनोज तिवारी व उर्मिला देवी उनके दुकान पर पहुंचे और लाठी डंडे से हमला कर दिए। सभी आरोपियों ने चाकू बाजी भी की।इसमें उनके भाई की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल है। वहीं थानाध्यक्ष धमेंद्र कुमार ने बताया कि गिरफ्तार मुखिया मिंटू तिवारी, पपौर निवासी उर्मिला देवी और नीतीश तिवारी उर्फ विजेंदु से पूछताछ की जा रही है।

**नगर थाना-फर्जी पासपोर्ट मामले की जांच को सिवान पहुंची मुंबई पुलिस- परवेज अख्तर/सीवान।** फर्जी पासपोर्ट बरामदगी के मामले की जांच को लेकर मुंबई की पुलिस गुरुवार को सिवान पहुंची। मुंबई पुलिस ने नगर थाना की मदद से एक युवक को गिरफ्तार किया। इसके बाद उसे नगर थाना लाकर गहनता से पूछताछ की। इस दौरान नगर थाना में काफी संख्या में लोगों की भीड़ जुट गई थी। मामले में मुंबई के सहार थाना में तैनात सहायक अवर निरीक्षक प्रकाश सेंडल के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम जांच को पहुंची थी। सहायक अवर निरीक्षक सेंडल ने बताया कि विगत दिनों मुंबई एयरपोर्ट से सैयद एहसान नामक युवक फ्लाईट से जाने वाला था। जहां उसकी पासपोर्ट की जांच हुई। जांच के दौरान पासपोर्ट फर्जी निकला। इसके बाद उससे जांच के क्रम में पूछताछ की गई। पूछताछ के क्रम में उसके द्वारा बताया गया कि उसने मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जियांय निवासी नौसेर नामक युवक से पासपोर्ट बनवाया है। जो नगर थाना क्षेत्र स्थित एक साइबर कैफे का दुकान चलाता हैं। उक्त दुकान पर छापेमारी कर एजेंट को गिरफ्तार किया गया है।

# आपसी सौहार्द के साथ मनाए ईद, चैती छठ व रामनवमी का त्योहार

### शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व-त्योहर मनाने का निर्देश

**परवेज अख्तर/सीवान।** ईद, चैती छठ एवं रामनवमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर जिले के महाराजगंज, बड़हरिया एवं हुसैनगंज थाना परिसर में गुरुवार को शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में सदस्यों से सुझाव लिए गए। साथ ही पदाधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए गए। साथ ही साथ पर्व के दौरान अफवाह से बचने, गलत पोस्ट से बचने, शांति भंग करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा एक-दूसरे को सहयोग करने की अपील की गई। जानकारी के अनुसार महाराजगंज अनुमंडल कार्यालय सभागार में एसडीओ अनिल कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ईद में नमाज की समय सारणी पर चर्चा हुई। एसडीओ ने बताया कि इसके लिए 21 जगह पर दंडाधिकारी की नियुक्ति की गई है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने- अपने प्रखंड क्षेत्र के मस्जिदों में नमाज की समय सुनिश्चित करें। साथ ही एसडीओ ने चैती घाट को ले छठ घाटों का निरीक्षण करने का दिशा निर्देश दिया। वहीं रामनवमी को ले जुलूस पर चर्चा की गई। बैठक में एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन, ईओ हरिश्चंद्र, बीडीओ क्रमश-महाराजगंज के बिंदु कुमार, गोरेयाकोठी के बीडीओ डा. अभय कुमार, दारौंदा के बीडीओ सूर्य प्रताप सिंह सेंगर, सर्किल इंस्पेक्टर अमरेंद्र कुमार, सीओ पूनम दीक्षित, भाजपा नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, शक्ति शरण आदि उपस्थित थे। वहीं बड़हरिया थाना परिसर में बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने की। इस दौरान उन्होंने ईद, चैती छठ एवं रामनवमी को सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि धार्मिक जगहों पर उन्माद फैलाने वाले लोगों पर नजर रखी जाएगी। पूजा के अवसर पर अश्लील गानों पर प्रतिबंध रहेगा। बीडीओ संदीप कुमार ने आम जन से सहयोग की अपील की। पर्व त्योहार के दौरान आने वाली बाधाओं से भी अवगत होकर समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संवेदनशील जगहों की पहचान करने भी निर्देश दिया। इस मौके पर मुखिया वीरेंद्र, झगरु यादव, अरविंद, रिंकू तिवारी, राजू कुमार यादव आदि उपस्थित थे।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट में दंपती समेत तीन घायल, एक रेफर

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बगौरा गांव में बुधवार को भूमि विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। इसमें पति-पत्नी तथा पुत्र घायल हो गए थे। घायलों में मनोज कुमार सिंह, पत्नी किरण कुमारी एवं पुत्र गोलू कुमार शामिल हैं। ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से चिकित्सक द्वारा मनोज कुमार सिंह को पीएमसीएच, जबकि किरण कुमारी को सदर अस्पताल रेफर कर दिया। जबकि गोलू कुमार का इलाज स्थानीय अस्पताल में किया गया। इस मामले में पीड़ित मनोज कुमार सिंह की पत्नी किरण कुमारी के बयान पर पड़ोसी आशुतोष सिंह, अभिषेक सिंह समेत चार लोगों को आरोपित किया गयाहै। किरण कुमारी ने आरोप लगाया है कि वह अपने पति मनोज कुमार सिंह के साथ घर के पीछे काम कर रहे थी। तभी उनके पड़ोसी आशुतोष सिंह, अभिषेक सिंह समेत चार लोग लाठी-डंडे व हथियार लेकर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। इस दौरान मेरे पति, पुत्र तथा मुझे मारपीट कर घायल कर दिया। स्थानीय लोगों के सहयोग से हम सभी को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्राथमिकी के बाद पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## आदित्य चंद्र झा बने राजा सिंह कालेज के प्रभारी प्राचार्य

**हुसैनगंज (सिवान)** -जिला मुख्यालय स्थित राजा सिंह महाविद्यालय में गुरुवार प्रो. डा. आदित्य चंद्र झा ने प्रभारी प्राचार्य के रूप में योगदान किया। इस दौरान निवर्तमान प्राचार्य डा. श्यामशंकर प्रसाद सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षकों व शिक्षकेत्तर कर्मियों ने माला पहनाकर स्वागत किया। निवर्तमान प्राचार्य ने स्वागत करते हुए उनके नेतृत्व में महाविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति की आशा जताई है। बता दें कि डा. प्रो. श्याम शंकर प्रसाद को बिहार विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा साक्षात्कार लेकर स्थायी प्राचार्य के रूप में मंजूरी प्रदान किया गया है। इस अवसर डा. मनोज कुमार सिंह, बोलेंद्र कुमार, डा. शैलेश कुमार राम, डा. सुनीता, इम्तियाज अहमद, डा. रितुराज, डा. रंजन कुमार, डा. हमीदा शाहीन समेत अन्य शिक्षकेत्तर कर्मी उपस्थित थे।

## हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी से आग से दस बीघे में लगी गेंहू की फसल जलकर राख

**हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के बड़रम एवं पचरुखी थाना के मल्लूपुर गांव में हाईटेंशन तार से निकली चिंगारी से आग लग गई। अगलगी से करीब दो दर्जन से अधिक किसानों के 10 बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मुखिया प्रतिनिधि राजेंद्र राम ने बताया कि पछुआ की तेज हवा के कारण खेतों से होकर गुजरने वाला हाईटेंशन तार से चिंगारी गिरने से बड़रम निवासी रामनाथ महतो, भगवान महतो, स्वामीनाथ महतो,जलेश्वर महतो, रमेशर महतो, तिलेसर महतो, छठु महतो, राजेंद्र राम, राजेंद्र महतो एवं मल्लूपुर कई किसानों की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान गांव में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई तब तक खेत में लगे करीब 10 बीघे की गेहूं जलकर राख हो चुकी थी। सीओ दिव्य प्रकाश ने बताया कि सभी पीड़ितों की क्षतिग्रस्त फसलों जांच कर उचित मुआवजा प्रदान किया जाएगा। इस घटना के बाद किसानों में अफरातफरी का माहौल है।

## जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष से मिलकर सांसद ने की विकास से जुड़े मुद्दों पर चर्चा

**सिवान** -स्थानीय सांसद विजयलक्ष्मी देवी ने जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय कुमार झा से दिल्ली स्थित उनके आवास पर मुलाकात कर प्रदेश की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा की। इस मौके पर पूर्व विधायक रमेश सिंह कुशवाहा भी मौजूद थे। इस दौरान उन्होंने बिहार की राजनीतिक स्थिति, जदयू की भविष्य की रणनीति, बिहार में विकास से जुड़े मुद्दों पर विचार विमर्श किया। वहीं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जदयू बिहार के विकास और जनता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने यह भी कहा कि पार्टी आने वाले समय में राज्य की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इसके पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुके देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष की सांसद के साथ हुई बैठक को राजनीति में जदयू की भूमिका के लिहाज से अहम माना जा रहा है।

## केंद्रीय गृह मंत्री के कार्यक्रम में पांच हजार कार्यकर्ता होंगे शामिल

**गोरेयाकोठी (सिवान)** -प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा विधायक देवेशकांत सिंह के आवास परिसर में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में आगामी 30 मार्च को गोपालगंज में आयोजित गृहमंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। इस दौरान विधानसभा प्रभारी व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष संजय पांडेय की अध्यक्षता में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रखंड अध्यक्षों को आमंत्रित किया गया था। भाजपा जिलाध्यक्ष पूर्वी रंजीत प्रसाद ने कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम की सफलता को लेकर आवश्यक विचार-विमर्श किया। पार्टी के विधानसभा संयोजक प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि गृहमंत्री के कार्यक्रम में गोरेयाकोठी विधानसभा क्षेत्र के तीनों प्रखंड बसंतपुर, गोरेयाकोठी व लकड़ी नबीगंज से पांच हजार कार्यकर्ताओं के भाग लेने की उम्मीद है। कार्यक्रम को लेकर कार्यकर्ताओं में भी काफी उत्साह है। इसे ध्यान में रखते हुए अलग-अलग जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में शिक्षा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक जितेश कुमार सिंह, देवेंद्र गिरि, कुबेर प्रसाद, श्यामकिशोर तिवारी, अमरनाथ शर्मा, अंकज कुमार सिंह, मृत्युंजय कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद थे।

## मुजफ्फरपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि विशेष गाड़ी का संचालन 29 को

**परवेज अख्तर/सीवान।** त्योहारी सीजन में रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए 05299 मुजफ्फरपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि विशेष गाड़ी का संचालन 29 अप्रैल को करने का निर्णय लिया गया है। यह गाड़ी गोरखपुर होकर चलेगी। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05299 मुजफ्फरपुर-तिरुच्चिराप्पल्लि विशेष गाड़ी 29 मार्च को मुजफ्फरपुर से दोपहर दो बजे से प्रस्थान करेगी। वहीं 15.10 बजे हाजीपुर से , 16.50 बजे छपरा से, 18.00 बजे सिवान से प्रस्थान करते हुए 20.00 बजे गोरखपुर जंक्शन पहुंचेगी। वहीं दूसरे दिन ऐशबाग से 01.20 बजे, कानपुर सेंट्रल से 03.00 बजे, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं. से 06.35 बजे, भोपाल से 10.40 बजे, नागपुर से 16.50 बजे, बल्हारशाह से 20.25 बजे, तीसरे दिन विजयवाड़ा से 04.30 बजे, गूडूर से 09.05 बजे तथा चेन्नै एग्मोर से 12.15 बजे छूटकर 18.30 बजे तिरुच्चिराप्पल्लि पहुंचेगी। इस गाड़ी में एसएलआर के दो, सामान्य द्वितीय श्रेणी के आठ तथा शयनयान श्रेणी के छह कोचों सहित कुल 16 कोच लगाया जाएगा।

## रविवार को भी खुला रहेगा बिजली बिल का कलेक्शन काउंटर

**सिवान** -जिले के सभी बिजली बिल का कलेक्शन काउंटर रविवार को भी खुला रहेगा। इस संबंध में विद्युत कार्यपालक अभियंता यशवंत कुमार ने बताया कि मुख्यालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए 30 मार्च को सभी कलेक्शन काउंटर खोलने का आदेश जारी किया है। ऐसा निर्णय वित्तीय वर्ष 2024-25 के समापन में मात्र कुछ दिन शेष रहने के कारण राजस्व संग्रहण के लक्ष्य को पूरा करने के लिए लिया गया है। बता दें कि होली व अन्य सार्वजनिक अवकाशों के कारण उपभोक्ताओं को बिजली बिल भुगतान में असुविधा हो रही थी।

## एनक्यूएएस टीम ने हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर का किया निरीक्षण

**आंदर(सिवान)।** प्रखंड के रकौली स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का गुरुवार को एनक्यूएएस टीम ने निरीक्षण किया। टीम में शामिल डा. आलोक कुमार एवं डा. धर्मेंद्र कुमार द्वारा निरीक्षण कर कई दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सदस्यों ने अस्पताल में साफ सफाई, दवाई की उपलब्धता रोगियों के लिए विभिन्न प्रकार की जांच व सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी हासिल की। इसके पूर्व टीम के सदस्यों को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. दीपक कुमार मनोज कुमार व स्वास्थ्य प्रबंधक सह उत्प्रेरक मधुरेंद्र कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने स्वागत किया। इस अवसर पर बबीता सिंह, एएनएम अनुपम कुमारी, प्रीतम कुमार, संजय शशांक, उषा देवी, गौरी देवी, गीता देवी, लक्ष्मी देवी समेत दर्जनों स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।